## खबर संक्षेप

### एमपीटॉस पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सतना।** एमपीटॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास नवीन एवं नवीनकरण आवेदन एवं डाटा अपलोड 31 जनवरी तक किये जा सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी निर्धारित तिथि तक डाटा अपलोड करने तथा विद्यार्थियों से आवेदन कराना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### शिक्षा वित्तीय सहायता योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सतना।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय जबलपुर द्वारा संचालित बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत बालक/बालिकाओं के लिये नेशनल स्कारलशिप पोर्टल (एनएसपी) पर छात्रवृति का लाभ लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक है। हितग्राही पोर्टल पर 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते है।

### अंगूर से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिरा, चालक-क्लीनर सुरक्षित

**सतना।** सतना-चित्रकूट मार्ग पर मिचकुरिन के पास सोमवार तड़के अंगूर से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। उक्त घटना में आइसर ट्रक के सामने के हिस्से को भारी क्षति पहुंची है। चालक व उसका सहायक सकुशल बताये गए है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक उक्त ट्रक का चालक भारी नशे के चलते तेज गति से वाहन दौड़ा रहा था,तभी अचानक सामने आए मोड़ पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन नीचे उतार दिया। सौभाग्यवश इस बीच कोई राहगीर सामने नहीं आया अन्यथा गंभीर हादसा घटित हो सकता था।

### ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों में 219 लोगों ने किया मॉकपोल

**सतना।** जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को सात विधानसभा क्षेत्रों में 219 लोगों ने मॉकपोल किया गया। जिसमें सतना के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 27,रैगांव के तहसील कार्यालय कोठी में 22,तहसील मझगवां कार्यालय में 30,अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नागौद में 93, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मैहर सभाकक्ष में 18,अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरपाटन 21 एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में 8 लोगों ने मॉकपोल किया।

### महिला पर्यटकों को आत्मनिर्भर बनाने की कार्यशाला आज

**सतना।** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सतना ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के टूरिज्म बोर्ड महिला सुरक्षित पर्यटन स्थल का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर महिला पर्यटकों को स्वतंत्रता पूर्वक एवं भयमुक्त वातावरण में पर्यटन का अवसर उपलब्ध कराना है। इस संबंध में पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन स्थल सतना,चित्रकूट,मैहर एवं मुकुन्दपुर में सिक्योरिटी गार्ड,ई-रिक्शा चालक,गाईड, हाउस कीपिंग, हैण्डीक्राफ्ट, पेट्रोलपंप, कुकिंग/ बेकरी, रिटेल सेल्स गर्ल्स, फ्रंट आफिस टिकटिंग बिलिंग का प्रशिक्षण दिया जाना है। जिससे पर्यटन स्थलों पर बालिकाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके एवं आत्मरक्षा के लिए तैयार किया जा सके। प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सतना में 30 जनवरी को को प्रातः10:30 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाएं सम्मिलित हो सकती हैं।

3:30 घंटा तक चली विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में की गई कामकाज की समीक्षा

# सीवर लाइन के काम में लापरवाही से लोग परेशान, सांसद ने जताई नाराजगी

**सतना।** विकास समन्वय और निगरानी समिति(दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सांसद द्वारा केंद्र समर्थित योजनाओं की समीक्षा की गई। सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से शुरु हुई बैठक शाम 4 बजे तक चली। साढ़े तीन घंटे की बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा में सीवरेज निर्माण कार्य से शहरवासियों को होने वाली परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सीवरेज निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। शहर की सड़कों को खोदने के बाद रेस्टोरेशन नहीं किया जाता है, जिसके कारण शहरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निगम के अधिकारियों की क्लास लेते हुए कहा कि शहर में सीवर लाइन ठेकेदार ने सड़कों को खोद कर छोड़ दिया है। वहां आवागमन बाधित होता है लोग अपने घरों से निकल नहीं पाते। आज शहर की सड़कों के कारण सतना की छवि खराब हो रही है।

### क्वालिटी और सिक्योरिटी पर सवालिया निशान



बैठक में सीवर लाइन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सांसद ने कहा कि सीवर लाइन ठेकेदार गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कर रहा है। कई जगह चेंबर धसने की ख़बरें आई है। उन्होंने कहा कि निर्माण के दौरान सुरक्षा मापदंडों का ध्यान नहीं रखा जाता है।चेंबर के गड्ढों को खोद कर छोड़ दिया जाता है,कई हादसे हो चुके हैं।



### इन कार्यों की समीक्षा की गई

बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के निर्माण कार्य,प्रधानमंत्री आवास,सीवर लाइन,मिनी स्मार्ट सिटी मैहर और चित्रकूट,नगरीय निकाय सतना,चित्रकूट और मैहर में प्रगतिरत नवीन कार्य,धान उपार्जन,नल जल योजना, बाणसागर एवं बरगी नहर,मेडिकल कॉलेज सतना,सोहावल-बेला रोड,विद्युत मंडल के कार्य,ग्रामीण सड़क, स्वास्थ्य विभाग,आदिम जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग की समीक्षा तथा सतना और मैहर जिले में संपन्न हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की गई। बैठक में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,महापौर योगेश ताम्रकार,कलेक्टर अनुराग वर्मा,मैहर कलेक्टर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक अशुतोष गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ.परिक्षित राव झाडे,डिप्टी कलेक्टर सहित सभी जनपद अध्यक्ष,सीईओ,नगर निगम के अधिकारी एवं हर विभाग के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## उमरी में रास्ते पर निर्माण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



**सतना।** शहर में जो सायकल ट्रैक पूर्व में बनवाया गया था वो ऐसा है कि आजतक एक साइकिल भी ना चल पाई ऊपर से अब बीच रोड में जो डिवाइडर बनवाया जा रहा है उसको शायद कोई देखने वाला भी नही है। उमरी वार्ड नं 02 में पूरे वार्ड की जनता के निकासी के लिए मात्र 2 रास्ते है। गली नं 01 और गाली नं 04 जिससे जनता का आवागमन होता है लेकिन अब गली नं 04 के सामने डिवाइडर बना कर उसे बंद कर दिया जा रहा है जो कि वार्डवासियों का मुख्य मार्ग है ऐसे में पूरी मोहल्ले का आवागमन मात्र गली नं 01 से होगा। जो मात्र 13 फुट की सकरी गली है और हर बरसात में डूब भी जाती है जो कि महापौर के संज्ञान में भी है। उन्होंने ही पिछली बरसात में स्वयं खड़े होकर रोड के अवरोध को मशीन द्वारा हटवाया था। ऐसे में बरसात में वार्डवासी अपने घरों में कैद हो जाएंगे। वार्डवासियों ने लगातार नगर निगम को सूचित करने का प्रयास किया लेकिन नगर निगम में कोई सुनवाई नही हुई ऐसे में वार्डवासी प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करने में मजबूर हैं साथ ही चेतावनी देते हैं कि अगर तत्काल कार्यवाही नही हुई तो उग्र आंदोलन होगा जिसका जिम्मेदार नगर निगम प्रशासन होगा।



### यातायात नगर के भूखण्डधारियों से अपील जल्द से जल्द भू भाटक जमा करें: मनोज

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कई भूखण्ड धारियों के भूखंडों का भू भाटक कई वर्षों से बकाया है संस्था द्वारा निगम प्रशासन से बार-बार अपील कर यातायात नगर में शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है जिससे भूखण्डधारी आसानी से अपने-अपने भूखंडों का भू भाटक किराया जल्द से जल्द जमा कर सकें। संस्था आप सभी भूखण्डधारियों से अपील करती है सभी हितग्राही जल्द से जल्द अपने भूखंडों का भू भाटक किराया जमा कर निगम प्रशासन की कार्यवाही से बचें।

## सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मनाया गणतंत्र दिवस

**सतना।** शनिवार को संस्था महामंत्री अभिषेक जैन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को आगे बढ़ते हुए संस्था अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा ध्वजारोहण संस्था परिषर में किया गया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को आपस में भाईचारा बना कर रखना चाहिए। उन वीर शहीदों को हम नमन करते हैं जिन्होंने हमें आजादी दिलाई। इस अवसर पर मनोहर लाल गुप्ता पूर्व अध्यक्ष,संजीव सिंह अरोड़ा, सुनील जायसवाल,विशाल जयसवाल,सुरेंद्र गुप्ता भारतेश ओझा,अमित भावनानी,नीलांबर झा,बृज किशोर अग्रवाल,शैलेंद्र शर्मा,मूलचंद यादव,पुनीत चतुर्वेदी,प्रवीन चतुर्वेदी,मोहम्मद मुमताज,आलोक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।



## सिक्योरिटी गार्ड को चाकू मारने की धमकी देने वाले जेल भेजे गए



**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के गार्ड को चाकू मारकर मौत के घाट उतारने की धमकी देना प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों को भारी पड़ गया। आरोपियों की करतूत का वीडियो वायरल होने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 294,500 एवं 34 का अपराध दर्ज करने के साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर 3 लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। घटना की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई, जिन्हें रविवार दोपहर को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। तीनों आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उन्हें सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया गया। जो एम्बुलेंस चालक भिखुं खान वीडियो यह कहते दिखा था कि 8 लाख की गाड़ी खरीदी 8 चाकू मारूंगा। वह टीआई के सामने गिड़गिड़ाते हुए कान पकड़कर आइंदा अस्पताल के अंदर नहीं जाने की कसमें खाते हुए दिखा। टीआई ने उसकी जमकर लू उतारी। दूसरी तरफ आरोपी एम्बुलेंस चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल ने जिला अस्पताल के सामने प्रदर्शन भी किया।

## केजेएस सीमेंट ने मनाया गणतंत्र दिवस

**सतना।** राजनगर मैहर स्थित केजेएस सीमेंट में देश का 75 वां गणतंत्र दिवस परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कम्पनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा.) नीरज वर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सुरक्षा प्रहरियों ने आकर्षक मार्चपास्ट और परेड का प्रदर्शन किया। कर्नल वर्मा ने देश में गणतंत्र स्थापना का ब्यौरा देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को स्मरण किया और कहा कि उन्होंने जिस राष्ट्र की नींव रखी थी,आज वह निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हम लोग भी राष्ट्र निर्माण की एक कड़ी हैं और अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन से इसमें



अहम योगदान कर रहे हैं। सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनायें देते हुए कर्नल वर्मा ने कहा कि कम्पनी अपने संस्थापक.चेयरमैन पवन अहलूवालिया के निर्देशन में कर्मचारियों के हित.संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी कार्यकुशलता और जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।हार्टिकल्चर टीम द्वारा ध्वजारोहण स्थल पर बनाई गई फूलों की मनमोहक रंगोली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। समारोह का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा ने किया।


### हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिये जांच शिविर एक फरवरी को

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि हृदय रोग से पीड़ति बच्चों के लिये निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन 1 फरवरी 2024 को जीएनएम कॉलेज धवारी सतना में प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। एसआरसीसी मुंबई के सहयोग से आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में आयुष्मान योजना के तहत ईको, ईसीजी की भी जांच की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान योजना के मामले में 5 वर्ष से अधिक आयु होने पर बच्चे का एवं 5 वर्ष से आयु कम होने पर माता-पिता का आयुष्मान कार्ड मान्य किया जायेगा। शिविर में शामिल होने वाले बच्चों के परिजन अपने साथ बच्चे की 2 रंगीन फोटो,समग्र आईडी,आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,राशनकार्ड एवं आय प्रमाण पत्र (बच्चे के पिता का) की छायाप्रति साथ लेकर आयेंगे। इस संबंध में जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 9329937065 एवं 8319692363 पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तिवारी ने बताया कि 6 फरवरी को जीएनएम कॉलेज धवारी में 18 वर्ष तक के कटे-फटे होठ एवं तालू से पीड़ति बच्चों के लिये निःशुल्क शिविर आयोजित किया जायेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने हंड्रेड डॉयल वाहन को मारी टक्कर, तीन पुलिसकर्मी घायल



### मैहर के नादन गांव के पास की घटना, ट्रक चालक मौके से फरार



**सतना।** मैहर थाना अंतर्गत नादन गांव के पास हुए सड़क हादसे में 100 डॉयल के 3 पुलिस कर्मचारी घायल हो गये। इनमें एक एएसआई और वाहन चालक तथा एक आरक्षक है। घटना के संबंध में हासिल जानकारी के मुताबिक पुलिस की 100 डॉयल एक इवेन्ट के लिये जा रही थी। इसी दरमियान तेज रफ्तार से आ रहे एक बेलगाम ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए 100 डॉयल में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण पुलिस वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना हाईवे रोड नादन ओवरब्रिज पर घटित हुई। दुर्घटना में ड्यूटी पर तैनात एएसआई एनपी पाण्डेय,100 डॉयल का चालक व एक आरक्षक घायल हुये हैं। जिनको एम्बुलेंस की मदद से सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।सभी की हालत खतरे से बाहर है।दुर्घटना के तुरन्त बाद ट्रक ड्राईवर घटना स्थल से भाग खड़ा हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नादन देहात थाना के प्रभारी संजय दुबे मौके पर पहुंचे। देहात थाना दुर्घटना की जांच कर रहा है। 100 डॉयल



वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान ने जिला अस्पताल पहुंच कर घायल पुलिस कर्मचारियों का हालचाल पूछा और घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

## खबर संक्षेप

### हैण्ड पम्प बने शोपीस मरम्मत के नाम पर फर्जीवाड़ा



**पन्ना।** जिले में अधिकांश हैण्ड पम्प खराब होने की वजह से शोपीस बन कर रह गए हैं। मरम्मत के नाम पर पीएचई विभाग के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों के द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। यही हाल स्कूलों में लगे हैण्ड पम्पों के हैं नल कनेक्शन नहीं होने और हैण्ड पम्प खराब होने से बच्चों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पन्ना नगर के शासकीय विद्यालय रमतलैया, शासकीय विद्यालय हिरणबाग, शासकीय विद्यालय बल्देव मंदिर आदि के हैण्ड पम्प खराब होने से बच्चों को परेशानी होती है।

### देवरा ग्राम में चल रही संगीतमय भागवत कथा आयोजन



**अमानगंज।** तहसील के देवरा ग्राम में विश्वकर्मा परिवार में पंडित श्री राम दुलारे पाठक के मुख से चल रही संगीतमय कथा जिसमें देवरा ग्राम भक्ति में कथा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है भक्ति में कथा कुछ कुछ झलकियां दिन शुक्रवार को कलश यात्रा बैठकी शनिवार को भक्ति नारद मिलन रविवार को कपिल देव कथा सोमवार को भरत कथा मगलवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव बुधवार को रुकमणी विवाह गुरुवार सुदामा चरित्र शुक्रवार को हवन आहुति शनिवार को ब्राह्मण भोजन के साथ भव्य संगीत में कथा का आयोजन किया गया है कथा श्रोता राजेंद्र विश्वकर्मा चिरोजाबाई द्वारा कथा का आयोजन करवाया गया है।

### विद्यालय के सामने सर्किट हाउस चौक में लगा गिट्टी का ढेर, आए दिन हो रहे हादसे



**पन्ना।** नगर के छत्रसाल पार्क के पास हिरणबाग शासकीय विद्यालय के सामने एवं सर्किट हाउस चौक में कई महीनो से गिट्टी का ढेर लगा हुआ है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क से निकलने वाले वाहनों के टायरों से उछल कर गिट्टी कभी बच्चों को लगती है तो कभी आसपास के दुकानदारों को क्षति पहुंचती है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा तमाम शिकायतों और सूचनाओं के बाद भी इस गिट्टी को चौराहे से नहीं हटाया जा रहा, बताया गया है कि सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार के द्वारा निर्माण के बाद बचे मटेरियल को सड़क में लावारिस छोड़ दिया गया है जो आम नागरिकों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है, यदि शीघ्र ही इस गिट्टी को नहीं हटवाया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि यह गिट्टी का ढेर ऐसे स्थान पर लगा हुआ है जहां ठीक सामने शासकीय विद्यालय, दूसरी तरफ छत्रसाल पार्क, बगल में पुरातत्व संग्रहालय एवं कुछ दूरी पर सर्किट हाउस और कलेक्टर आवास है जिससे यह सड़क हमेशा व्यस्त रहती है।

एसडीओपी पवई, थाना प्रभारी यातायात, अमानगंज, पवई, सिमरिया व चौकी प्रभारी सकरिया जे.के. प्रबंधन के ट्रासपोटरों के साथ बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर विस्तृत चर्चा व रूपरेखा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर थाना अमानगंज में अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न

**अमानगंज।** जिले के अमानगंज थाना में सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुये रोकथाम को लेकर यातायात नियमों का पालन कराने के संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तारतम्य व निर्देशन में थाना अमानगंज परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आयोजित की गई जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पवई, थाना प्रभारी यातायात व थाना प्रभारी अमानगंज, पवई, सिमरिया चौकी प्रभारी सकरिया साथ ही जे.के. प्रबंधन एवं जे.के. प्रबंधन के ट्रांसपोटरों के साथ बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर किस तरह से दुर्धटनायें जो घटित हो रही है उनको रोकने के लिये दिशा तय की जाये। यातायात नियमों का पालन तथा जागरूकता अभियान एवं ट्रांसपोटरों को सख्त हिदायत दी गई कि अपने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को लेकर समझाइस दें तथा गति सीमा नियंत्रित रखें अन्यथा होगी विरूद्ध में अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही। वहीं मीटिंग के अगले चरण में सिमरिया से अमानगंज, अमानगंज से पन्ना रोड में संभावित दुर्घटना जगहों पर यातायात संकेतों को लगाने एवं बैरिकेट लगाये जाने पर भी



जोर दिया गया है। इतना ही नहीं न.पा. क्षेत्र अमानगंज के व्यस्ततम भीड़-भाड़ जगह पर जहां सतत जाम के हालात निर्मित होते है इसको लेकर भी चर्चा की गई वर्तमान समय में जिस तरह के हालात सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सामने आये है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्ती से कदम उठाने को लेकर जो यह पहल की है शायद अब वाहनों की गति जो मनमानी हालात से देखने में नजर आती थी उस पर विराम को लेकर पालन किया जायेगा। या फिर पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी गति की मानीटरिंग को लेकर आगे सख्त कदम उठाने को लेकर अपनी कार्यवाही को अंजाम देंगे। निश्चित ही इस तरह की बैठक से जहां सार्थक परिणाम की उम्मीदें मानी जा रही है पर अगर जमीनी हकीकत में वही हालात रहे तो पुलिस को अपनी कार्यवाही को लेकर मजबूत तरीके से दिशा तय करनी होगी जिससे असमायिक काल कवलित होने वाली जानें सड़क हादसों का जो शिकार हो रही है इसमें सुधार के हालात तय होंगे वहीं कहने को तो जागरूकता को लेर पुलिस के द्वारा तरह-तरह से जागरूक करने के लिये प्रयास किये जाते है फिर भी दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाने को लेकर उचित नहीं मानते आखिर जान स्वयं की है फिर भी सुरक्षा को लेकर कब होंगे सजग वहीं ट्रक व बस चालकों की समय-समय पर चैकिंग की जाये नशे के हालात में वाहन न चलायें सड़क में चलते वक्त गति का ख्याल रखें स्वयं सुरक्षित मंजिल तय करें दूसरों की भी सुरक्षा का रखें ख्याल। वहीं अमानगंज बाईपास मार्ग के निर्माण को लेकर कब ध्यान दिया जायेगा आखिर बाईपास मार्ग जो अमानगंज के अंदर के आवागवन को लेकर जाम के हालात बनते है वहीं बाईपास मार्ग के चालू होने से जाम के हालातों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में असमायिक हादसों को रोकने को लेकर इस तरह की बैठक निश्चित ही परिणाम सार्थक तय करने को लेकर जानी जायेगी।

# नंद के आनंद भय जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंजा पंडाल

### भगवान के जन्म की खुशी मे झूम उठे श्रोता

**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित लवकुश सोनी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास राष्ट्रीय संत पंडित बृजेश जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मधुर वर्णन किया भगवान के जन्म लेते ही पंडाल नंद के आनंद भय जय कन्हैया लाल की है जयकारोसे पंडाल गुंजायमान हो उठा लोगो ने खुशी मे घंटो नृत्य किया महिलाओ लल्ला के जन्म पर बधाई गीत गाए गए। महाराज जी ने कथा के माध्यम से श्रोताओ से कहा कि माता पिता के सेवा सबसे बडा धर्म इसी तरह महिलाओ को भी अपने पति की मां सास को अपनी



मां के समान समझना चाहिए भाई मे भाईके प्रति आदर और प्रेम होना चाहिए। राम राज्य की स्थापना के लिए सबसे पहले गौ हत्या पूर्णता बंद होना चाहिए। जिस तरह भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से सम्पूर्ण भारत वर्ष राममय हो गया जल्दी ही मथुरा एवं काशी मे भी मंदिर बनेगा। इस दौरान थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पंडाल पहुंच कर महाराज का स्वागत किया और 30 जनवरी को आयोजित एक साम शहीदों के नाम कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। नगर देव स्थल बाबा घाट मे भी श्रीमद्भागवत कथा कथा व्यास पंडित धर्मेंद्र कृष्ण शास्त्री भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

# प्रथम पुरूस्कार पायल हलदार, द्वितीय पुरूस्कार रीना साहू को तृतीय पुरूस्कार महक हलदार को किया गया प्रदान

**पन्ना।** नगर को कचरा रहित शहर बनाने के लिये स्कूल स्तरीय निबंध भाषण एवं प्रश्नोत्तरी पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डे द्वारा किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले द्वारा पुरस्कारों कि व्यवस्था की गयी। मनहर कन्या हा.से.स्कूल पन्ना में स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेस्डर एवं पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी डी डी तिवारी ने कचरा रहित पॉलीथिन मुक्त शहर बनाने के लिए घरेलू/स्कूली कचरा प्रबंधन, 3आर सिद्धांत, कचरा कम करने के उपाय, ठोस, तरल, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबधंन तथा जीरो बेस्ट स्वच्छता एप तथा शौचालयो के प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात प्रत्येक छात्रा से प्रश्न पूछकर मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले तथा प्राचार्य भारती खरे ने तीन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र/पुरस्कार प्रदान किये। प्रथम पुरस्कार पायल हलदार, द्वितीय पुरस्कार रीना साहू को तृतीय पुरस्कार महक हलदार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भारती खरे, व्याख्याता संजय मिश्रा एवं नगर पालिका पन्ना की ओर से ओम प्रकश खरे,





जीतेन्द्र कुशवाहा, अरूण विश्वकर्मा, आर.एस.लोधी उपस्थित रहे। डीडी तिवारी मास्टर ट्रेनर ने सभी छात्राओं एवं उपस्थित स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

# भगवान जुगल किशोर मंदिर में कान का एक बाला मिला जो दो महीने बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया जमा

**पन्ना।** पन्ना धार्मिक एवं पवित्र नगरी जिसके राजा पन्ना के भगवान जुगल किशोर माने जाते यहां आज भी ईमानदारी व श्रद्धालुओं का सेवा भाव जाना जाता है। भगवान जुगल किशोर मंदिर में प्रतिदिन की तरह श्रद्धालु दर्शन करने प्रातःकाल 7 बजे से 8 बजे तक दर्शन करने जाते है वहां मंदिर प्रांगण में सफाई का कार्य दशरथ सिंह यादव (पहलवान) एडवोकेट सुशील खरे व रमेश तिवारी व अन्य भक्तगण करते चले आ रहे है।



आज से करीब दो माह पहले सोने का एक बाला झुमकी नामा जैसा पड़ा हुआ दर्शनार्थी ग्राम दिया की एक मिश्रा परिवार की महिला को मिला था उन्होंने महिलाओं व पुरूषों को जानकारी दी लेकिन किसी ने नहीं बताया जब किसका बाला है तब उक्त महिला ने रमेश तिवारी एडवोकेट को वह बाला दिया तथा एडवोकेट सुशील खरे व दशरथ सिंह यादव पहलवान को बताया साथ ही मंदिर के मुसद्दी व पुजारी को भी जानकारी दी गई। इस तरह का दूसरा नग बाला का लेकर आयें और दिखायें तथा पंचनामा बनाकर सोंप दिया जायेगा। जब आज दिनांक तक पता नहीं चला तो उस कान के बाले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एडवोकेट सुशील खरे व रमेश तिवारी तथा दशरथ सिंह यादव मीडिया को जानकारी देते हुये पहुंचे जहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बड़े बाबू को उक्त कान का बाला जो झुमकी की तरह देखने में नजर आ रहा था मीडिया के समक्ष जहां लिखित में मीडिया को जानकारी भी दी गई वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बड़े बाबू को वह बाला सोंपा गया। जिसका वह बाला होगा शायद उस तक मिलने के लिये आसार तय हो सकेंगे। यहां किशोर जी नगरी में आज भी न्याय व धर्म की उम्मीदें साक्षात मानी जा रही है यह सामने आया है। भगवान जुगल किशोर के दरबार में उनके प्रांगण में जिसका भी यह कान का बाला सोने का नग गिरा जिसको मिला उसकी ईमानदारी के चलते भगवान की कृपा से जिसका गया उस तक पहुंचाने के लिये यह सार्थक प्रयास जो किये गये निश्चित ही आज भी पन्ना के जुगल किशोर जिन्हें पन्ना के राजा की उपाधि के रूप में जाना जाता है। यहां न्याय की दिशा इस तरह से चलती है जो आज देखने में नजर आ रही है।



# पन्ना पुलिस द्वारा शाहनगर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) का विक्रय करने वाले 2 आरोपियो को किया गया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 900 ग्राम कीमती करीब 10 हजार रूपये का अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 28.01.2024 को थाना प्रभारी शाहनगर उनि सुयश पाण्डेय को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हाथ में झोला में मादक पदार्थ गांजा लिए आजीविका भवन के पास टपरे के पास किसी व्यक्ती के इंतजार में खड़ा है थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा मुखविर सूचना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व एस.डी.ओ.पी. पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी शाहनगर उनि सुयश पाण्डेय के नेतृत्व मे टीम का गठित कर मोके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचने पर आजीविका भवन के पास बने टपरा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जो एक मोटरसाइकिल सवार से बात कर रहा था जो पुलिस को देखकर दोनो मोटरसाइकिल में बैठकर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी करके पकड़ा गया दोनो व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उनके हाथ मे लिये झोले मे सूखा मादक पदार्थ (गाँजा) पारदरसी पन्नी मे रखे हुये पाया गया। उक्त व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूँछताछ कर उक्त व्यक्ति के कब्जे से कुल अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) वजनी 900 ग्राम कीमती करीब 10 हजार रूपये का मौके से जप्त किया जाकर उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना शाहनगर मे अपराध क्रमांक 29/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय योगदान-** उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उनि सुयश पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी उनि अनिल राजपूत, उनि मेघा मिश्रा, संतोष मसराम, सउनि अवधराज उईके ,प्र.आर ईद उल बक्श, जयपाल, आर.बृजेंद्र पायक, रविन्द्र अहिरवार,विनिमेश त्रिपाठी,नितेश असाटी ,बृजेंद्र अहिरवार,विनोद डाबर,बृजभान बागरी, सैनिक दिनेश साहू,छोटेलाल व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

# सिमरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिक संवाद व शिक्षकों का हुआ सम्मान

**पन्ना।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाए बच्चों के साथ शिक्षक के सब व्यवहार करें उनका आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं इस संबंध में शैक्षिक संवाद हुआ उसके बाद शिक्षकों का सम्मान हुआ और प्रचार मानवेंद्र सिंह बुंदेला श्री रमेश पटेल एवं श्रीमती अजय बुंदेला का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में श्रीमान सिंह बुंदेला ने बताया और शिक्षक बच्चों की शिक्षा दीक्षा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं माता-पिता और शिक्षक चाहते हैं कि हमारा बच्चा हमारा छात्र हमसे




भी आगे बढ़े और उन्नति करें उन्नति करें शिक्षक प्रदीप गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवध नारायण तिवारी वर्तमान प्रचार हेतराम पटेल रमेश प्रसाद पटेल मानवेंद्र सिंह बुंदेला अनंत राम पाठक प्रीतम अहिरवार प्रदीप गुप्ता प्रदीप गुप्ता मुकेश द्विवेदी रमाकांत खरे कैलाश गुप्ता समस्त रिटायर मार्च रिटायर मास्टर श्री नवाब सिंह सरिता बुंदेला आराम सिंह एवं चंद्रभान सिंह मौजूद रहे।

# गोआ में आयोजित नेशनल वूशु चैम्पियनशिप के रेफरी बने पन्ना के इरफान

**पन्ना।** जिले के खिलाडियों के साथ खेल प्रशिक्षक भी अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। पन्ना के होनहार खिलाड़ी रहे कोच इरफान उल्ला खान को गोआ में आयोजित राष्ट्रीय महिला वुशू खेलो इंडिया चौम्पियशिप में रेफरी बनने का मौका मिला है। वुशू एसोशिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 27 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित वेस्ट जोन महिला वूशु लीग नेशनल प्रतियोगिता 2024 के लिए देश भर से खिलाड़ी गोआ पहुंचे हैं। इस आयोजन में मध्यप्रदेश की टीम भी हिस्सा ले रही है। साथ ही प्रदेश से दो रेफरी को भी प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए बुलाया गया था। इनमें जिले के इरफान खान का चयन होना गौरव की बात है। अभी हाल ही में मध्यप्रदेश वुशू संघ के सागर संभाग प्रभारी बनाए गए इरफान खान ने बताया कि उन्हें वर्ष 2021में कोयंबटूर एवं 2023 में नेशनल रेफरी के रूप में झाड़खण्ड में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। जिसके बाद उन्हें खेलो इंडिया वूशु लीग




प्रतियोगिता गोआ में रेफरशिप करने का मौका मिला है। विश्वामित्र अवार्डिय भारतीय वुशू संघ की प्रशिक्षक एवं मध्यप्रदेश वुशू संघ की प्रदेश सचिव सारिका गुप्ता के मार्गदर्शन में इरफान खान को रेफरशिप का मौका मिला है। सारिका गुप्ता ने बताया कि ओलम्पिक गेम्स सहित एशियन गेम्स, भारतीय खेल प्राधिकारण शामिल वुशू खेल को बढ़ावा देने के लिए इसे खेलो इंडिया के तहत आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया है। खेलो इंडिया के तहत गोआ में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में चयनित खिलाडियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें नेशनल गेम्स में रेफर शिप का मौका मिल है, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। वहीं शहर के रेफरी इरफान खान को इस उपलब्धी के लिए उनके साथी प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं हैं।

## खबर संक्षेप



### सड़क दुर्घटना में घायल बाईक सवार युवक

**छतरपुर।** खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम बमनौरा के रहने वाले रोहित मिश्रा ने बताया कि उसके पिता लखन लाल मिश्रा बीती शाम में एक समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम भागवतपुर जा रहा था इसी दौरान रास्ते में उर्मिल नदी के समीप मोड़ पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाईक क्रमांक एमपी 35 जेडबी 5381 के चालक ने लखनलाल की बाईक को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। लखन लाल घटना स्थल पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था तभी उत्तरप्रदेश के एक कलेक्टर का वाहन गुजरा। उन्होंने वाहन को रोककर लखनलाल के परिजनों को घटना की जानकारी दी और इसके बाद घायल लखनलाल को चंद्रनगर के अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके परिजन भी पहुंच गए थे। चूंकि चंद्रनगर अस्पताल में चिकित्सक नहीं थे जिस कारण से परिजन लखनलाल को बमीठा ले गए। जब बमीठा अस्पताल में भी चिकित्सक नहीं मिले तो परिजन लखनलाल को जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज किया जा रहा है। लखन लाल के चेहरे, पैर और हाथ में चोटें आई हैं।

### सीएम स्वेच्छा अनुदान से 3.25 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 4 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 3.25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। श्रीमती सुनीता गोस्वामी निवासी वार्ड न. 30 हनुमान मंदिर के पास छतरपुर को 2 लाख, प्रशांत कुमार व्यास निवासी चौबे कालोनी को 70 हजार, श्रीमती श्रुता जैन निवासी वार्ड न. 22 मऊदरवाजा को 35 हजार और श्रीमती तबस्सुम शाह निवासी साई बाबा मोहल्ला को 20 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, 5 दिन बाद मौत



**छतरपुर।** पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के महोबा जिला के कुलपहाड़ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मुड़हरी में करीब पांच दिन पहले एक अधेड़ महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया था। चूंकि महिला ने पहले इसे अनदेखा कर दिया और दो दिनों तक इलाज नहीं कराया जिसके चलते उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। मुड़हरी निवासी पप्पू रैकवार ने बताया कि उसकी 58 वर्षीय मां शिवरानी पत्नी शिबुआ रैकवार को 24 जनवरी के दिन किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था। शिवरानी ने पहले इसे नजरंदाज किया लेकिन दो दिन बाद जब तकलीफ बढ़ी तो उसने परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल लाए थे जहां सोमवार को शिवरानी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** वर्ष 2023-24 के राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं। नक्शा, तरमीम, अनलिंक खसरा, डुप्लीकेट, अनलिंक नक्शा के प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर निराकृत किए जांए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पीएम किसान सम्मान निधि के सभी लंबित प्रकरणों में समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग कराने के निर्देश दिए।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा

# 3 बच्चों की मौत, दर्जनों लोग घायल

महिंद्रा ट्रैक्टर से जटाशंकर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटा। 3 बच्चों की मौके पर मौत, दर्जन भर से अधिक घायल। स्थानीय और प्रशासन की मदद से घायलों को बिजावर अस्पताल और गंभीरों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया है।





**बिजावर।**

बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा के लोधी परिवार की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गईं। बिजावर थाना क्षेत्र में लोधी परिवार के तीन दर्जन महिला-पुरुष और बच्चों से भरा हुआ ट्रैक्टर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया जिसके चलते ट्रैक्टर में सवार तीन बच्चों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। मामूली रूप से घायल हुए लोगों का बिजावर के अस्पताल में इलाज किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा निवासी लोधी परिवार ने गत दिवस एक नया ट्रैक्टर खरीदा था। इसी उपलक्ष्य में लोधी परिवार के तीन दर्जन से अधिक महिला-पुरुष और बच्चे सोमवार को नए ट्रैक्टर से पूजन के लिए बिजावर थाना क्षेत्र के जटाशंकर धाम जा रहे थे। ट्रैक्टर चालक नारायण लोधी उर्फ टुन्डु तेज रफ्तार में था तभी अचानक एक बाईक सामने आ गई और उसे बचाने के लिए चालक नारायण ने तेजी से ट्रैक्टर को मोड़ दिया, इसी बीच झटका लगने के कारण ट्रॉली में बैठे लोग नीचे गिर गए। इस दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हुए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार का आलम था, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद बिजावर एसडीओपी शशांक जैन और बिजावर थाना प्रभारी जयवंत काकोडिय़ा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस और पुलिस के वाहन से बिजावर के अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को लोगों का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं मृतकों का अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

## गणेश चतुर्थी पर सिद्ध गणेशन मंदिर में लगा मेला

### दिन भर चली पूजा-अर्चना, हजारों भक्तों ने लिया प्रसाद



**छतरपुर।**

सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित सिद्ध गणेशन मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर समिति द्वारा परिसर में मेला भी लगाया गया था। मंदिर में दिन भर पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चला तथा शहर के हजारों लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर के पुजारी दीपकपुरी गोस्वामी ने बताया कि इस मंदिर का इतिहास तकरीबन 350 वर्ष पुराना है। पुजारी के अनुसार मंदिर की स्थापना उनके पूर्वज हरदेवपुरी गोस्वामी ने 1707 ईंश्वी में की थी और तभी से यह मंदिर शहरवासियों के लिए आस्था का केन्द्र रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा-अर्चना करने पर हर मनोकामना पूरी होती है, और इसी कारण से इस मंदिर को गणेश मंदिर की जगह सिद्ध गणेशन मंदिर कहा जाता है। मंदिर में भगवान गजानन के अलावा भगवान भोलेनाथ, दक्षिणमुखी हनुमान और दुर्गा माता की स्थापना भी की गई है। वैसे तो वर्ष भर मंदिर में भक्तों की भीड़ रहती है लेकिन गणेश चतुर्थी के दिन भक्तों की संख्या लगभग दोगुनी हो जाती है।

वहीं दूसरी ओर शहर के सागर रोड पर स्थित बड़े गणेश मंदिर में भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर हवन-पूजन, भंडारे और मेले का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने मंदिर पहुंचकर भगवान गजानन के दर्शन किए और इसके बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए मेले का आनंद लिया। एक अनुमान के मुताबिक हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कई भक्तों ने भंडारे की व्यवस्थाओं में सहयोग भी किया।

## गाली-गलौज से शुरु हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

# एक परिवार के 4 लोग घायल

**छतरपुर।**



सोमवार को बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सेंधपा में दो परिवारों के बीच मामूली सी बात पर शुरु हुआ विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों, पत्थरों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस घटना में एक परिवार के चार लोग घायल हुए हैं, जिन्होंने बड़ामलहरा थाने में घटना की शिकायत की। घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया जहां पर पुलिस ने घायलों की एमएलसी कराई।

सेंधपा निवासी कुसुम चढ़ार ने बताया कि गांव का शंकर चढ़ार पिछले तीन-चार महीनों से बिना बात के उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करता था। सोमवार को कुसुम ने शंकर के पुत्र जनक चढ़ार को उलाहना दिया तो वह नाराज हो गया और इसके बाद शंकर चढ़ार, जनक चढ़ार, पुष्पेन्द्र चढ़ार और सौरभ चढ़ार ने अपने परिवारजनों के साथ कुसुम के ऊपर हमला कर दिया। कुसुम को बचाने पहुंचे उसके भाई चंद्रभान, पिता रामस्वरूप और मां कल्लो चढ़ार के साथ भी उक्त लोगों ने लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और पत्थरों से मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने बड़ामलहरा थाने जाकर शिकायत की। शिकायत लेकर पुलिस घायलों को जिला अस्पताल लाई जहां एमएलसी कराने के बाद घायलों का उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## कड़ाके की सर्दी से तबाह पान की फसल



### किसानों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**महाराजपुर।** बीते कुछ दिनों से पड़ रही तेज सर्दी की वजह से महाराजपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पान की फसल पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। पान की खेती करने वाले किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है क्योंकि पूरे साल इस पानी की फसल में मेहनत करने के बाद सर्दियों में फसल पककर तैयार होती है जिसको बेचने के बाद ही पान किसानों को उनकी मेहनताना और लाभ मिल पाता है लेकिन इस बार पड़ी कड़ाके की सर्दी ने पान की फसल को पूरी तरह से खराब कर दिया है अब पान के पत्ते किसी जले हुए कागज की तरह नजर आते हैं क्योंकि इस बार सर्दी ने पान की फसल को 100 प्रतिशत खत्म कर दिया है।

### नही होंगे सपने पूरे, कैसे होंगे हाथ पीले

महाराजपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत पान की फसल लगभग 200 एकड़ में की जाती है जिसमें एक हजार से भी अधिक पान कृषक पान की खेती करते हैं साथ ही उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है किसी के घर में शादी है तो किसी का बच्चा अपने मां-बाप के सपने पूरा करने के लिए बाहर पढ़ाई करता है किसी की किस्त जाना है तो कहीं कोई भूखे पेट सोने को मजबूर होगा। फसल पूरी तरह से चौपट हो चुकी है और अब लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी पान कृषकों ने सोमवार की सुबह एकत्रित होकर महाराजपुर तहसीलदार को खराब फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने निवेदन किया है कि प्रत्येक पान किसान के खेत पर जाकर उसका सही सर्वे किया जाए एवं उचित मुआवजा दिया जाये।

## हाईकोर्ट की डबल बेंच ने किसान के पक्ष में किया अहम फैसला

**नौगांव।**

जबलपुर हाईकोर्ट खंड पीठ ने जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही फोरलेन सड़क डालने के मामले में किसान के पक्ष में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एनएचएआई के विरुद्ध फैसला सुनाते हुए फोरलेन एनएच 39 में किसान के हिस्से वाली भूमि से सड़क को ध्वस्त करते हुए कब्जा लेने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार एनएचएआई ने झांसी से खजुराहो तक एनएच 39 फोरलेन का निर्माण कराया है, सड़क निर्माण के दौरान शासन ने किसानों की जमीनें अधिग्रहित कर उन्हें अवार्ड पारित कर मुआवजा का वितरण भी किया गया। यह फोर लेन नौगांव तहसील क्षेत्र के बिलहरी ग्राम सहित अनेक ग्रामों से होकर गुजरी। जमीन अधिग्रहण एवं मुआवजा से संतुष्ट न होने पर अनशन, प्रदर्शन का दौर भी चला, लेकिन जब सड़क मार्ग का कार्य नहीं रुका तो किसानों ने कोर्ट की शरण ली। बीती

04 जनवरी 2024 को जबलपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ और जस्टिस विशाल मिश्रा की डबल बेंच ने नौगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलहरी के किसान प्रीतम सिंह यादव की रिट पिटिशन पर सुनवाई करते हुए किसान के पक्ष में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 0.248 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किए बिना फोरलेन का निर्माण करने के मामले में उक्त भूमि से सड़क को खुर्दबुर्द एवं ध्वस्त करते हुए किसान को भूमि पर कब्जा लेने के लिए निर्देशित करते हुए मामले में फैसला सुनाया है।

किसान प्रीतम सिंह यादव, जीतेंद्र सिंह यादव वगैरह के स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा नंबर 1089/2, 1059/2, 1090/2/1, 1089/1, 1057/1, 1094, 1058, 1060/2, 1098 मौजा बिलहरी तहसील नौगांव नाम दर्ज थी। शासन ने एनएच फोरलेन 39 केस निर्माण के लिए उक्त खसरा नंबर से 1.084 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया। किसान प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया कि एनएचएआई और सड़क निर्माण करने वाली कंपनी ने अधिग्रहण की गई 1.084 हेक्टेयर भूमि पर मनमाने ढंग से सड़क डालने हुए 0.248 हेक्टेयर अधिक भूमि का अधिग्रहण किए बिना ही कुल1.332 हेक्टेयर भूमि को अपने कब्जे में लेकर सड़क का निर्माण कर डाला। जिसको लेकर किसान ने तहसीलदार से मामले की शिकायत की, तहसीलदार के नेतृत्व में गठित जांच दल ने मौके का निरीक्षण कर सीमांकन करते हुए किसान की भूमि पर अवैध तरीके से सड़क का निर्माण करना पाया। किसान ने स्थानीय प्रशासन से लेकर सीएम, पीएम तक मामले की शिकायत की, अनशन, धरना प्रदर्शन तक किया लेकिन किसान को न्याय नहीं मिला। जिसके बाद किसान प्रीतम यादव ने एडवोकेट देवेंद्र कुमार त्रिपाठी के माध्यम से मामले में न्याय के लिए हाईकोर्ट की शरण ली, हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को दलीलें सुनीं। दलील के दौरान एनएचएआई की ओर से डिप्टी एडवोकेट जनरल अमित सेठ और मोहन सौसरकर ने दलील प्रस्तुत करते हुए कहा कि एनएचएआई ने जितनी जमीन अधिग्रहित की है उसी जमीन पर सड़क का निर्माण अथवा कब्जा किया है, अधिग्रहण के अलावा किसी भी जमीन पर न तो सड़क का निर्माण हुआ है और न ही जमीन पर विभाग का कब्जा है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद किसान के पक्ष में फैसला सुनाया।



## जायसवाल सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमि पूजन

### 10 लाख की लागत से बनेगा भवन

**राजेन्द्र ग्राम।** जिले के पुष्पराजगढ तहसील मुख्यालय अंतर्गत राजेंद्र ग्राम में दुर्गा मंदिर परिसर में जायसवाल सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कांग्रेस विधायक फुदेलाल सिंह मार्को ने किया। जिसका निर्माण विधायक निधि के 10 लाख रुपए से होगा। जायसवाल सामुदायिक भवन बनाने के लिए स्वीकृत पत्र जायसवाल समाज के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल, सचिव सुरेश जायसवाल सौंपा गया। जिसका निर्माण राजेंद्र ग्राम दुर्गा मंदिर परिसर में किया जाएगा। पुष्पराजगढ़ जायसवाल बाहुल्य क्षेत्र है। उनकी मांग को देखते हुए विधायक ने सामुदायिक भवन देने का निर्णय किया। विधायक फुन्देलाल मार्को ने कहा कि मैं जायसवाल समाज के लोगों के प्रति हमेशा समर्पित रहूंगा। आप लोगो के हर काम में आगे रहूंगा।

## प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीर तो प्रांतीय सचिव महेन्द्र त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन संम्पन्न

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जनवरी को प्रांतीय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए एक-एक पद तथा उपाध्यक्ष व सचिव के लिए छः-छः पद निर्धारित थे उक्त पदों हेतु सभी इच्छुक प्रत्याशियों द्वारा आवेदन भरे गए सभी प्राप्त आवेदनो की जांच कर उसी दिन वैध आवेदनो की सूची जारी की गई। प्रांतीय अध्यक्ष पद हेतु मात्र एक आवेदन डाक्टर छत्रवीर सिंह जी था शेष पदों हेतु उसी दिन रात्रि मे अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर के साथ सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक मे सर्व सम्मती से सभी पदों हेतु नाम चयनित किया गया। दूसरे दिन सरस्वती शिशु मंदिर भोपाल मे शिक्षक संघ का उपवेशन संपन्न हुआ जिसमे निर्वाचन अधिकारी हिम्मत सिंह जैन द्वारा सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष डाक्टर छत्रवीर सिंह राठौर भोपाल, महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता सागर, कोषाध्यक्ष विनोद पुनी सहित संभाग शहडोल से प्रांतीय सचिव पद हेतु महेन्द्र कुमार त्रिपाठी जी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूरे प्रदेश से संभाग, जिलों, ब्लॉक इकाइयों के प्रांतीय महासभा के प्रतिनिधि सहित अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी, सहित प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उसी उपवेशन मे प्रांतीय प्रकोष्ठ की भी घोषणा की गई जिसमे शहडोल संभाग से अरुण कुमार मिश्रा को सेवा आयाम गुरु वंदन पर्यवारण प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संभाग शहडोल की पूरी टीम को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए संगठन को सभी के साथ मिलकर और ऊंचाईयो तक ले जाने मंशा व्यक्त किये। उक्त निर्वाचन मे सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किये शहडोल संभाग के तीनो जिलों से महासभा के सभी सदस्यो के प्रति भी आभार व्यक्त किये जो भोपाल पहुँच कर अपने संभाग को मजबूती प्रदान किये।

## खबर संक्षेप

### डॉ.निशा अग्रवाल के निधन पर अग्रवाल समाज में गहरा शोक



**रीवा।** रीवा शहर की प्रतिष्ठित स्त्रीरोग विशेषज्ञ, अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षा, के.एल.अग्रवाल मेमोरियल नर्सिंग होम की संचालिका, ख्यातिलब्ध, समाजसेविका, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सम्मानीय डॉ.निशा अग्रवाल धर्मपत्नी डॉ.अरुण अग्रवाल जी का गत दिनाँक 29/01/2024 को आकस्मिक निधन हो जाने पर समूचे शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई।श्रीमती अग्रवाल के निधन से चिकित्सा जगत के साथ -साथ शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों में शोक की लहर है।श्रीमती अग्रवाल लगभग 68वर्ष की थीं।अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।श्रीमती अग्रवाल रीवा शहर की कुशल नेतृत्व की महिला थीं,जिन्होंने ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाते हुए सभी सामाजिक संगठनों मिलनसार की भूमिका का निर्वाहन जीवन पर्यंत तक किया।चिकित्सा के क्षेत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ होते हुए आपने समूचे रीवा शहर में सादगीपूर्ण चिकित्सक की भूमिका का दायित्व निभाते हुए परिवारों को लाभान्वित किया।श्रीमती अग्रवाल का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार पूरे विधि विधान से 29/01/2024 को हुआ।उनके निधन से सर्वाधिक अग्रवाल समाज को क्षति हुई।

### सडक़ निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के लिए टीम गठित

**रीवा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक़ निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायतें आलोक में आती है। ठेकेदार से लेकर इनपैलन एसक्यूएम के साथ ही आला अधिकारियों पर छीटे लगते है। हाल ही में तो अवधिया कन्सलेटीसी एंड टेस्टिंग लैब सुर्खियों में रहा, जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर भी गई है। जिसमें बताया गया कि उक्त टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर ने कूटरचित तरीके से इनपैनल हासिल की है। फिलहाल मामला जो भी हो प्रमुख सचिव भोपाल ने सेनि. मुख्य अभियंता की टीम गठित कर रीवा संभाग सडक़ निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण करने भेजी है। टीम में सेनि. मुख्य अभियंता खेमचंद अहिरवार को अनूपपुर एवं उमरिया जिला, प्रमोद कुमार घोष को सतना जिला, अनिल कुमार सिंघाई को शहडोल जिला, महेंद्र पाल सिंह को रीवा जिला, मनोज पौराणिक को सीधी जिला एंव नवीन कुमार को सिंगरौली जिले में बनी हुई सडक़ो की गुणवत्ता का निरीक्षण किये जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बात की खबर जैसे ही लोनिवि के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों एवं इनपैनल एसक्यूएम के बीच फैली तो लोग अपनी-अपनी ताकत का इस्तेमाल करने में जुट गये। देखना यह है कि प्रमुख अभियंता द्वारा गठित सेनि. मुख्य अभियंताओं की पारखी नजर किस सडक़ में हुए भ्रष्टाचार को कैद कर पाती है।

### रॉकी मौत कांड के विभागीय जांच में दो की गवाही निकली थी फर्जी

**रीवा।** रॉकी मौत कांड की कहानी परत-दर-परत खुल रही है, यदि एडीजीपी ने आरोपित पुलिस कर्मियों को सजा नहीं सुनाई होती तो विभागीय जांच की असलियत निकल कर सामने नहीं आती। मारपीट के आरोपित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध एसपी सतना आशुतोष गुप्ता ने विभागीय जांच की। विभागीय जांच में आरोपित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध 6 गवाहों को तलब किया गया था। जिसमें रॉकी के पिता रफीक रिवानी, रॉकी पत्नी सोफिया, वाहन चालक और एक पड़ोसी युवक था। गवाहों में एक गवाह रंजना सिंह ऐसी भी रही जिनके नाम विवादित भवन की रजिस्ट्री हुई थी और उनके पति शैलेंद्र सिंह शासकीय विद्यालय के शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। विभागीय जांच में एसपी सतना के समक्ष शैलेंद्र सिंह एंव रंजना सिंह ने कहा कि आरोपित पुलिस कर्मियों ने गुड़हाई बाजार में रॉकी के साथ मारपीट की फिर कोतवाली में ले जाकर मारपीट की थी और दोनो उस घटना के चश्मदीद थे। दोनो के बयान के बाद आरोपित आरक्षक जितेंद्र सेन ने आरटीआई के तहत निकाले विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर को एसपी के सामने रखते हुए बताया कि घटना दिनांक के दिन और समय तो शैलेंद्र सिंह शहर से 25 किलोमीटर दूर अपने विद्यालय में उपस्थित थे, ऐसे में वह घटना के समय कैसे पहुंच गये।

# राजस्व महाअभियान की एसडीएम नियमित समीक्षा करें

## राजस्व महाअभियान में एक साल तक के सभी राजस्व प्रकरण निराकृत करें : कलेक्टर

कलेक्ट्रेट बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित एसडीएम राजस्व महाअभियान की पटवारी हल्कावार नियमित समीक्षा करें।




रीवा।

बी-1 वाचन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। नक्शा तरमीम और खसरे में सुधार के प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाएं। अब तक जितने प्रकरण निराकृत हुए हैं उन सभी को आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। अभियान के दौरान तीन माह से एक साल की अवधि के सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से निराकृत करें। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से राजस्व न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग 14 हजार किसानों की ई केवाईसी अपडेशन शेष है। सभी तहसीलदार पटवारियों के माध्यम से सात दिवस में शत-प्रतिशत अपडेशन कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान में परिमार्जन से संबंधित सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अविवादित बंटवारा तथा अविवादित नामांतरण के सभी प्रकरण निराकृत करें। दर्ज प्रकरणों की तुलना में अधिक निराकरण करने पर ही प्रगति दिखाई देगी। अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मनिकवार वृत्त के प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने तथा नायब तहसीलदार अतरैला के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों को कम्प्यूटर आपरेटर की तत्काल व्यवस्था करें। सभी तहसील न्यायालयों का रोस्टर के अनुसार नियमित निरीक्षण करें। एसडीएम अपने अनुभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कानून व्यवस्था की निगरानी लोक सेवा गारण्टी योजना में प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा केन्द्रों के निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

# गार्गी पब्लिक स्कूल मे हर्षोल्लाह व रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस





रीवा।

जिले सेमारिया रोड में शार्किंग गार्डन के आगे डीपीएस मोड में स्थित गार्गी पब्लिक स्कूल मे बड़े ही हर्षोल्लाह रंगारंग कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि अनूप श्रीवास्तव रहे ! स्कूल की प्राचार्य श्रीमती माला श्रीवास्तव ने भारत की आन बान शान तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारत की लोकतांत्रिक भावना से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी इस दौरान मंच का संचालन स्कूल की अध्यापिका पूजा तिवारी ने किया प्राथमिक विभाग के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने यातायात नए नियमों को लेकर एक मनमोहक प्रस्तुति दी वही पांचवी विभाग के छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों को भावविभोर कर दिया देशभक्ति गाने में सुंदर नृत्य ने सभी की वह वाही लूटी छात्राओं ने अपने भाषण में भारत की सौर शक्ति पराक्रम समृद्धि विरासत और भारत के आधुनिक उपलब्धि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला वही मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया भारतीय संविधान की विशेषताओं नियम और कर्तव्य देश के सभी एक समान व्यवस्था प्रदान करता है यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को मिष्ठान फल एवं स्नेक्स वितरित किया गया ! इस महापर्व के अवसर पर सभी शिक्षक व शिक्षिका सहित अभिभावक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# प्रखर सोनोग्राफी सेंटर संचालक द्वारा मरीजों से मनमौजी ढंग से वसूले जाते हैं पैसे

रीवा।

गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों ने संचालय पर लगाया गंभीर आरोप डॉक्टरों की सलाह के बाद सोनोग्राफी के लिए प्रखर सोनोग्राफी सेंटर ही भेजते है लेकिन सेंटर में संचालक और डॉक्टरो का एक बड़ा षड्यंत्र होता है श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित प्रखर सोनोग्राफी सेंटर के संचालक मरीजों से मनमानी ढंग से पैसे वसूल रहा है जहां एक ओर तरफ प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला रीवा को मेडिकल हब बनाने के लिए प्रयासरत्न है वही दूसरी ओर ऐसे डॉक्टर व सोनोग्राफी संचालक मिली भगत करके रीवा का नाम बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है मिली जानकारी के अनुसार गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज परेशान होकर डॉक्टर कॉलोनी में डॉक्टरों को दिखाते हैं डॉक्टरों द्वारा जबरदस्ती प्रखर सोनोग्राफी संचालक से सेटिंग बनाकर सोनोग्राफी के लिए प्रखर सोनोग्राफी सेंटर ही भेजते हैं इसके बाद सोनोग्राफि संचालक द्वारा परेशान मरीजों से मनमानी ढंग से पैसा वसूले जाते है संचालक परेशान मरीजों की याथास्थिति देखकर भरपूर शोषण करता है जिसका एक हिस्सा डॉक्टरों को भी जाता है वही संचालक द्वारा मरीजों की गलत सोनोग्राफी रिपोर्ट बनाकर डॉक्टरों को निजी लाभ भी पहुंचाया जाता है सूत्रों की माने तो प्रखर सोनोग्राफी सेंटर मे भ्रूण लिंग परीक्षण जैसे अवैध गतिविधियां भी संचालित होती हैं यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।




## देवतालाब विधायक गिरीश गौतम एवं कलेक्टर मऊगंज ने किया शुभारंभ

# मऊगंज जिले में बिकेगा गोबर 2 रूपये किलो




मऊगंज ।

जिले के समीप पथरिया गांव में एक प्लांट लगाया गया है। जहां गोबर की खरीदी करके पशु मालिकों को 2 रूपये प्रति किलो गोबर के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे। इसकी शुरुआत देवतालाब विधायक गिरीश गौतम एवं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया ।गोबर प्लांट लगाने वाली एजेंसी के लोगों ने इस संबंध में बताया कि पथरिया गांव से 30 किलोमीटर क्षेत्र में गोबर की खरीदी करना तय किया गया है यहां के पशुपालक अपने मवेशी का गोबर बिक्री कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि जो पशुपालक उनके प्लांट में गोबर लेकर आएंगे उनको ट्रांसपोर्टिंग चार्ज के साथ दो रुपए प्रति किलो गोबर के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे,और पशु मालिक अपनी गौशाला से गोबर की बिक्री करेंगे उसके लिए गौशाला में जाकर गोबर की खरीद 2 रूपये किलो किया जायेगा।

### रोजगार के अवसर तैयार होंगे

गोबर प्लांट लगाए जाने एवं पशु मालिकों के गोबर की खरीदी किए जाने से जहां मऊगंज क्षेत्र के लोगों को इससे रोजगार के अवसर तैयार होंगे, और उन्हें अपने मवेशी के गोबर का पैसा मिलेगा और वहीं क्षेत्र में आवारा मवेशियों के चलते खराब हो रही फसलों से भी किसानों को फायदा होगा। दरअसल आवारा मवेशियों से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है गोबर की खरीदी शुरू हो जाने से पशु मालिक अपने पशुऔ को गौशाला में ही रखेंगे । जिससे आवारा मवेशियों से राहत मिलेगी तो वहीं पशु मलिक ज्यादा गोबर एकत्रित करके पैसे कमाएंगे।

### गोबर से बनेगी लकड़ी

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि गोबर प्लांट लगाने वाली एजेंसी गोबर और कोयले को मिलाकर इसकी लकड़ी तैयार करेंगे ।गोबर की लकड़ी जलाने के काम में आएगी जहां घरों में इस्तेमाल होने के साथ ही होटल आदि में भी उपयोग हो सकेगा। बताया गया है कि जंहा लकड़ी से खाना बनता है, इसमें धुआ भी नहीं होता है। कलेक्टर के निर्देश पर प्लांट के लोग बड़ी साइज की लकड़ी तैयार करेंगे जिससे लोग अंतिम संस्कार में भी गोबर की लकड़ी का उपयोग कर सकें।

# रीवा जनपद पंचायत के सदस्यों ने अध्यक्ष संगीता यादव के विरुद्ध खोला मोर्चा

### आयुक्त रीवा संभाग से पदच्युत करने एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग



रीवा ।

जनपद अध्यक्ष संगीता राजेश यादव की तानाशाही, गैर कानूनी नियम विरुद्ध किये जाने बाले कार्यो को लेकर जनपद पंचायत रीवा के 25 सदस्यों में 22 सदस्यों ने मोर्चा खोलते हुये आयुक्त रीवा संभाग रीवा को ज्ञापन पत्र जनपद सदस्य श्रीमती रूपा सी.पी.सिंह के नेतृत्व सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनपद निधि, 15वां वित्त, राज्य वित्त आयोग की राशि विना जनपद सदस्यों के अनुमोदन के राशि वितरण में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी की गई है, साथ ही सामान्य प्रशासन एवं सामान्य सभा की बैठक दिनांक 24.1.2024 को रखी गई थी जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा अस्वस्थ होने के कारण अपने पत्र क्रमांक 1950 दिनांक 23.1.2024 को पत्र जारी कर उक्त बैठक को श्रीमती सुरभि दुवे खण्ड पंचायत अधिकारी को करने हेतु अधिकृत किया। जिसके परिपालन में उक्त दिनांक को 18 जनपद सदस्य सहित विधायक प्रतिनिधि सेमरिया उपस्थित हुये। श्रीमती सिंह ने आगे बताया कि जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता द्विवेदी अनुपस्थित रही। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से जनपद सदस्य श्रीमती उषा कोल कोल को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की तभी ज्ञात हुआ कि अध्यक्ष संगीत राजेश यादव ने बैठक स्थगित करने का पत्र व्हाटशापगुरप में भेजा, जब कार्यवाही रजिस्टर मगाया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त रजिस्टर अध्यक्ष अपनी मनमानी पूर्ण रैवेये कारण अपने घर ले गई हो जो विधि विरुद्ध गैर कानूनी है। ज्ञापन के समय जनपद सदस्यों में श्रवण मोहनलाल मिश्रा, भगवानदीन साकेत, शेषमणि पटेल, पुष्पा कोल, रामानुज कोल, सूर्यवती रजक, ममता पटेल, उषा साकेत, करुणा गुप्ता, ललिता साकेत, अन्नू चौरसिया, अर्चना मोले सिंह आदि सदस्यों ने आयुक्त रीवा संभाग रीवा, कलेक्टर रीवा, सी.ओ.रीवा से श्रीमती संगीता राजेश यादव को पदच्युत कर इनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग की है।

# अमहिया पुलिस की कार्रवाई: बाइक चोर गिरोह का हुआ खुलासा



**रीवा।** ज़िले के अमहिया थाने के नव नियुक्त थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह द्वारा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के संबंध में बड़ी कार्रवाई की है मिली जानकारी के अनुसार अमहिया थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व मे बड़े बाइक चोर गिरोह का खुलासा हुआ है जो रीवा जिले के अलग अलग क्षेत्र से बाइक चोरी करता था रीवा जिले में विभिन्न थाना क्षेत्र से निरंतर बाइक चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से बाइक चोरों के शातिर गिरोह को पकड़ने में अमहिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है रीवा ज़िले के विभन्न स्थानों से रात भर में आधा दर्जन से अधिक चोरी की बाइक पुलिस ने बरामद कर लिया है जबकि अन्य की तलाश अभी भी जारी है बीते दिवस गुढ़ निवासी राघवेंद्र प्रसाद साकेत को अस्पताल चौराहा के समीप स्थानीय लोगो ने बाइक चोरी करतें रंगे हाथों पकड़ा था जिसके पास से मास्टर चाभी भी बरामद हुईं थीं लोगो द्वारा पकड़े गए युवक को अमहिया पुलिस के हवाले कर दिया गया था जिससे सघन पूछताछ के बाद एक बडे.बाइक चोर गिरोह का खुलासा हो गया है आरोपी के निशानदेही पर अब तक लगभग आधा दर्जन चोरी की गई बाइक पुलिस ने बरामद कर लिया है वही अन्य चोरी की वाहनो की तलाश जारी है वही बताया जा रहा है कि आरोपी बाइक की चोरी की घटना को अंजाम दे कर ग्रामीण क्षेत्रों में निकल जाते थे जिसके कारण आरोपियों को पकड़ने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था वही आरोपी गढ़ निवासी राघवेंद्र को गिरफ्तार कर पूछताछ कि गई जिसके निसानदेही पर चोरी की कई मोटर साईकिल बरामद हुईं है जबकि बाइक चोर से पूछ ताछ कर अन्य चोरी की बाइक भी बरामद की जा सकती है वही इस कार्य पर अमहिया पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# जनपद सभागार में कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

मऊगंज ।

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने जनपद सभागार मऊगंज में राजस्व महा अभियान को बेहतर रूप से सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा राजस्व में पुराने प्रकरणों नामांतरण एवं अन्य जो पहले पुरानी फाइलें है उन सभी फाइलों को समय सीमा के अंदर निपटारा करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए की नामांतरण, बटवारा एवं वारिसाना जैसे प्रकरणों को जगह-जगह अभियान चलाकर निपटारा किया जाए।वहीं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं समस्त पटवारियों को निर्देशित किया हैं कि समय सीमा पर सभी किसानों की समस्या का सरलता के साथ समाधान करें। आयोजित समीक्षा बैठक दौरान एसडीएम मऊगंज बीके पांडेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब मानसिंह आर्मो सहित मऊगंज एवं देवतालाब तहसील के राजस्व निरीक्षक एवं समस्त पटवारी उपस्थित रहे।

